No. of Printed Pages : 4 **BES–145**

# शिक्षा में स्नातक उपाधि

## (बी. एड.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2025

## बी.ई.एस.–145 : हिंदी शिक्षण

## प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम भारिता : 70%*

---

***नोट :*** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों की भारिता समान है।*

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

   भाषा की प्रकृति का वर्णन कीजिए। भाषा के किन्हीं **चार** प्रकार्यों को उदाहरण सहित समझाइए।

**अथवा**

त्रिभाषा सूत्र की अवधारणा तथा क्रियान्वयन की व्याख्या कीजिए। मातृभाषा के रूप में माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर पर हिंदी भाषा शिक्षण के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लभग 600 शब्दों में दीजिए :

श्रवण कौशल के उद्देश्यों तथा महत्व का वर्णन कीजिए। श्रवण कौशल को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

माध्यमिक स्तर पर कविता शिक्षण के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। कविता शिक्षण की विभिन्न प्रणालियों का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर लगभग **150** शब्दों में हो :

(क) सृजनात्मक लेखन प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

(ख) भाषा शिक्षण तथा साहित्य शिक्षण में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ग) अच्छे परीक्षण के गुणों की व्याख्या कीजिए।

(घ) समुन्नयन कार्य के महत्व की व्याख्या कीजिए।

(ङ) माध्यमिक स्तर पर हिंदी भाषा की पाठ्य-पुस्तक का निर्माण करते समय आप किन बिंदुओं का ध्यान रखेंगे ? स्पष्ट कीजिए।

(च) भाषा-अधिगम-प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

माध्यमिक स्तर पर हिंदी भाषा का व्याकरण पढ़ाने के लिए एक शीर्षक का चयन कीजिए। व्याकरण शिक्षण की विस्तृत पाठ–योजना तैयार करते हुए शिक्षण विधि के सोपानों की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

× × × × ×